# 139 उद्योगों और कॉमर्शियल गतिविधियों को मिलेगी जमीन

## गीडा

- गीडा प्रशासन जल्द शुरू करेगा आवंटन की प्रक्रिया
- होली बाद आवंटन

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) द्वारा जल्द ही उद्योगों और कॉमर्शियल गतिविधियों को लेकर भूखंडों का विज्ञापन निकाला जाएगा। 139 भूखंडों में उद्योगों को लेकर 1000 से लेकर 25000 वर्ग मीटर जमीन की उपलब्धता रहेगी। साथ ही ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 96 फ्लैट का आवंटन भी निकाला जाएगा। अगले सप्ताह निकाले जाने वाले आवेदन को लेकर आवंटन होली बाद होने की संभावना है।

प्राधिकरण क्षेत्र के सहजनवा क्षेत्र में औद्योगिक और व्यावसायिक भूखंड के लिए अगले सप्ताह विज्ञापन निकलने की संभावना है। इसके 1000 से लेकर 25000 वर्ग मीटर भूखंड उपलब्ध होंगे। साथ ही कॉमर्शियल भूखंडों का भी विज्ञापन निकाला जाएगा। इसका आवंटन नीलामी के जरिए होने की संभावना है। गीडा के पास कई उद्यमियों ने निवेश को लेकर भूखंड का निवेदन किया है। भूखंडों के साथ ही गीडा प्रशासन द्वारा ईडब्ल्यूएस फ्लैट को लेकर भी विज्ञापन निकाला जाएगा। गरीबों के लिए 96 ईडब्ल्यूएस फ्लैट का निर्माण कराया जाएगा। इसमें गीडा में काम करने वाले मजदूरों और कर्मचारियों को प्राथमिकता दिए जाने का निर्णय पहले लिया जा चुका है। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आरएन सिंह का कहना है कि प्रदेश में सस्ती जमीन गीडा द्वारा मुहैया कराया जा रहा है।

> “ औद्योगिक विकास और कॉमर्शियल गतिविधियों के लिए जल्द ही विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन मांगा जाएगा। होली के बाद तक आवेदन करने वालों के आवंटन भी कर दिया जाएगा। साथ ही 96 ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए भी आवेदन निकाला जाना है।
>
> – **राम प्रकाश**, एसीईओ, गीडा